केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में द्वीप विकास एजेंसी (IDA) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की

'पीएम सूर्य घर' योजना के तहत अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के सभी घरों में शत प्रतिशत सौर ऊर्जा पैनल लगाए जाएं

दोनों द्वीपों में सोलर पैनलों और पवन चक्कियों के जरिये शत प्रतिशत Renewable Energy हासिल करने का लक्ष्य रखें

ये द्वीप भले ही दिल्ली से दूर हैं मगर हमारे दिल के पास हैं, यहाँ के आधारभूत ढांचे का विकास और पर्यटन सुविधाएं बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है

मोदी सरकार इन द्वीपों की संस्कृति और विरासतों का संरक्षण करते हुए यहाँ विकास कार्यों को गति दे रही है

सभी संबंधित मंत्रालय दोनों द्वीप समूहों में पर्यटन, व्यापार और अन्य क्षेत्रों से जुडी परियोजनाओं पर मिलकर काम करें

प्रविष्टि तिथि: 03 JAN 2025 5:36PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में द्वीप विकास एजेंसी (Island Development Agency) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल (सेवानिवृत) श्री डी के जोशी, लक्षद्वीप के

प्रशासक श्री प्रफुल्ल पटेल, केन्द्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन सहित केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में जारी विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान गृह मंत्रालय, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह प्रशासन और लक्षद्वीप प्रशासन ने दोनों द्वीप समूहों में डिजिटल और एयर कनेक्टिविटी तथा पोर्ट डेवलपमेंट सहित अन्य विकास परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

गृह मंत्री ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में सोलर पैनलों और पवन चक्कियों के जरिये शत प्रतिशत Renewable energy हासिल करने का लक्ष्य होना चाहिए। श्री शाह ने केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) से दोनों द्वीप समूहों में 'पीएम सूर्य घर' योजना के तहत सभी घरों में सौर ऊर्जा के पैनल लगाए जाने को कहा।

श्री अमित शाह ने कहा कि ये द्वीप भले ही दिल्ली से दूर हैं मगर हमारे दिल के पास हैं, यहाँ के आधारभूत ढांचे का विकास और पर्यटन सुविधाएं बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। मोदी सरकार इन द्वीपों की संस्कृति और विरासतों का संरक्षण करते हुए यहाँ विकास कार्यों को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि दोनों द्वीप समूहों में आधारभूत ढांचे के विकास से संबंधित

परियोजनाओं पर समग्र दृष्टि से काम किया जाना चाहिए। गृह मंत्री ने केन्द्र सरकार के सभी संबंधित मंत्रालयों से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में पर्यटन, व्यापार और अन्य क्षेत्रों से जुड़ीं परियोजनाओं पर मिलकर काम करने को कहा। साथ ही सभी लंबित मुद्दों और परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए ज़रूरी दिशानिर्देश भी दिए।

*****

RK/VV/RR/PR

(रिलीज़ आईडी: 2089922) आगंतुक पटल : 350

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English